आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 02.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुम्बई में चल रहे मीडिया और मनोरंजन शिखर सम्मेलन में सदस्य राष्ट्रों ने वेव्स घोषणा को अपनाया–परम्पराओं और संस्कृति को आगे बढ़ाने में सहयोग पर सहमति जताईं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में जयपुर में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठकं
- प्रदेश के खान विभाग ने सालाना 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व संग्रहण का लक्ष्य रखां
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बांसवाड़ा में नई शिक्षा नीति से जुड़ी राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन कियां

000

मुम्बई में चल रहे वेव्स शिखर सम्मेलन में आज वैश्विक मीडिया वार्ता हुईं इस दौरान सदस्य राष्ट्रों ने वेव्स घोषणा को अपनाया और परम्पराओं और संस्कृति को आगे बढ़ाने में साझेदारी करने पर सहमति जताईं सम्मेलन के तहत आयोजित मीडिया वार्ता में 77 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुएं विदेश मंत्री एस. जयशंकर और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कीं सभी देशों ने गलत और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को रोकने तथा तथ्यात्मक पत्रकारिता और जिम्मेदार विज्ञापनों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त कीं

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नई दिल्ली में ''भारत विकास की भूमि'' विषय पर एक संगोष्ठी का उद्घाटन कियां भारत मंडपम में हुई इस संगोष्ठी में श्री शेखावत ने कहा कि देश प्रदर्शनी और सम्मेलन के लिए उपयुक्त गंतव्य हैं यहां के अत्याधुनिक परिसर भारत को दुनिया की बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की राजधानी बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं श्री शेखावत ने कहा कि भारत के पास सही क्षमता, आवश्यक बुनियादी ढांचा और एक मजबूत बाजार हैं उन्होंने कहा कि यह भारत को अभूतपूर्व संभावनाओं की भूमि बनाता हैं

000

देश में लम्बे समय से रह रहे वीज़ाधारक पाकिस्तानियों को अब नए सिरे से पोर्टल पर आवेदन करना होगां गृह मंत्रालय ने दीर्घकालिक वीजा नीति के बारे में ये निर्णय लिया है कि ऐसे सभी पाकिस्तानी नागरिक, जिनके पास लम्बी अवधि का वीजा है और जिन्हें भारतीय नागरिकता नहीं मिली है, उन्हें अब सत्यापित दस्तावेजों के साथ इलेक्ट्रॉनिक विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के पोर्टल पर फिर से आवेदन करना होगां पुलिस महानिरीक्षक डॉ विष्णुकांत ने बताया कि गृह मंत्रालय ने इस बारे में आदेश जारी किए हैं उन्होंने बताया कि ये पोर्टल इस महीने की 10 तारीख से खुलेगा और इस पर 10 जुलाई तक आवेदन किये जा सकते हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग की बैठक हो रही हैं जयपुर में हो रही इस बैठक में श्री शर्मा आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं विभागीय अधिकारी इन योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी दे रहे हैं इसके बाद मुख्यमंत्री का यूपीएससी से सिविल सेवा के लिए चयनित हुए राज्य के अभ्यर्थियों से रात्रिभोज पर मुलाकात का भी कार्यक्रम हैं

000

पाली जिले में आज तड़के हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गएं दुर्घटना सुमेरपुर क्षेत्र में कार और ट्रक के बीच टक्कर से हुईं सुमेरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा ब्यावर–पिंडवाड़ा हाइवे पर जाखा नगर बाइपास के नजदीक एक तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने से हुआं हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग एक ही परिवार से थें

वहीं जिले के रानी क्षेत्र में एक अन्य सड़क हादसे में पिता बेटी की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गएं इनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही हैं दुर्घटना बीती रात एक कार और पिकअप वाहन की टक्कर से हुईं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पाली जिले में हुए इन सड़कों हादसों को दुखद बताया हैं उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की हैं

000

प्रदेश के खान विभाग ने सालाना 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व संग्रहण का लक्ष्य रखा हैं खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि विभाग को हर महीने कम से कम एक हजार करोड़ रुपये का राजस्व इकट्ठा करने के लक्ष्य के साथ काम करना होगां उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को मासिक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दियें श्री रविकान्त आज जयपुर में अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर रहे थें उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग की ओर से किये गये रिकॉर्ड राजस्व संग्रहण की सराहना कीं इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में राजस्व संग्रहण के बडे लक्ष्य को अर्जित करने के लिए समयबद्ध तरीके से काम करने पर जोर दियां

000

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री डॉ. गिरिजा व्यास की अंत्येष्टी आज उदयपुर में की गईं इसमें बड़ी संख्या स्थानीय नागरिक और विभिन्न दलों के नेताओं ने हिस्सा लियां पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, सहित कई लोग इसमें शामिल हुएं इससे पहले उनकी पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर रखा गया, जहां लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कियें डॉ. व्यास का कल अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया थां वे केंद्र और राज्य में मंत्री रहीं इसके साथ ही राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए महिलाओं के कल्याण के लिए कई काम किएं

000

राजस्थान लोकसेवा आयोग के पुनर्गठन और सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने सहित युवाओं की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने आज जयपुर में शहीद स्मारक पर प्रदर्शन कियां इसके बाद श्री बेनीवाल अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने लगें इस दौरान पुलिस ने उन्हें कमिश्नरेट के बाहर रोक लियां श्री बेनीवाल वहीं धरने पर बैठ गएं इसके बाद पुलिस ने उन्हें समर्थकों सहित हिरासत में ले लियां

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज बांसवाड़ा में राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन कियां गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन में शिक्षक और शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका'' विषय पर इसका आयोजन किया गयां इस अवसर पर श्री बागड़े ने भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी नई शिक्षा नीति के जरिए विद्यार्थियों में रचनात्मक गुण विकसित किए जाने का आह्वान कियां राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम हैं इसके क्रियान्वयन में शिक्षक और शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं

000

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस कल हैं ये दिन दुनियाभर में प्रेस की स्वतंत्रता और पत्रकारिता के मूल्यों की अलख जगाने के लिए मनाया जाता हैं राज्यपाल श्री बागडे ने मीडियाकर्मियों को प्रेस स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि मीडिया आम लोगों को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए सचेत करता हैं उन्होंने पत्रकारों से लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में काम करने की बात कही हैं

000

प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर अंधड़ और हल्की बारिश का पूर्वानुमान हैं हालांकि जोधपुर, उदयपुर, चूरू और बाडमेर सहित कई स्थानों पर हीटवेव का असर बना हुआ हैं मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती हैं वहीं तेज रफ्तार हवाएं चलने के आसार हैं

बीते 24 घंटों में जैसलमेर में सबसे अधिक तापमान 46 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गयां मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 7 मई तक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना हैं

000

प्रदेश में चल रहे रास्ता खोलो अभियान से आम लोगों को काफी राहत मिली हैं अभियान के तहत वर्षों से बंद पड़े खेतों और घरों में जाने वाले रास्तों को खोलने की पहल की गई हैं इसी कड़ी में झुंझुनूं में कल

करीब बारह बंद रास्तों को खुलवाया हैं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि प्रशासन को प्राप्त हुए परिवादों के आधार पर समझाइश कर इन रास्तों को खुलवाया गयां

000

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं केंद्रीय संचार ब्यूरो के कोटा, जोधपुर और सवाईमाधोपुर कार्यालय की ओर काउंटडाउन 50 दिन के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम रखे गएं इन कार्यक्रमों में योग दिवस के महत्व की जानकारी दी गई और इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर दियां

000